3

चोर की दाढ़ी में तिनका

पाठ–प्रवेश

कुछ लोग हर परिस्थिति में संयम बनाए रखते हैं। ऐसे लोग सूझ-बूझ का प्रयोग करते हुए अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हैं। संयम बनाए रखते हुए समझदारी का प्रयोग करना ही सच्ची बुद्धिमानी है।

अकबर

बीरबल

मंत्री

एक दिन बादशाह अकबर के दरबार में–

मंत्री जी, इस अँगूठी को छिपाकर अपने पास रख लीजिए, ताकि बीरबल को पता न चले।

हुज़ूर, आप चिंता न करें। मैं होशियार रहूँगा।

कुछ देर बाद बीरबल महल में आए–

जहाँपनाह! आज आप कुछ चिंता में बैठे हैं, क्या बात है?

अरे! बीरबल क्या बताऊँ, आज मेरी हीरे की अँगूठी खो गई है।

Scanned with CamScanner

जहाँपनाह! कल तो मैंने आपके हाथ में देखी थी।

अरे हाँ, नहाने के समय उतारी थी। जब वापस लौटा तो गायब थी।

जहाँपनाह! यह किसी **बाहरी** आदमी की **करामात** नहीं है।

बीरबल, अगर यह दरबारियों में से ही किसी का काम है, तो फिर तुम चोर का पता लगाओ।

आपने अँगूठी किस स्थान पर रखी थी?

इस अलमारी में।

(बीरबल अलमारी पर कान लगाते हैं जैसे कुछ सुनने की कोशिश कर रहे हों।)

जहाँपनाह! कल दरबार में आपकी अँगूठी के चोर का पता चल जाएगा।

अगले दिन दरबार में-

जहाँपनाह! अलमारी ने मुझे बताया कि जिसके पास आपकी अँगूठी है, उसकी दाढ़ी में तिनका है।

बीरबल की बात सुनते ही मंत्री ज़ोर से हँसते हुए कहते हैं-

अरे, अलमारी भी कभी बोलती है भला!

Scanned with CamScanner

बोलती है, बिलकुल बोलती है।

मंत्री और बीरबल में इस बात पर बहस होने लगती है और झुँझलाहट में मंत्री के मुँह से निकल पड़ता है–

अलमारी झूठ बोलती है क्योंकि मेरी तो दाढ़ी ही नहीं है।

जहाँपनाह! अँगूठी का पता चल गया। अँगूठी मंत्री जी के पास है। क्यों मंत्री जी!

मंत्री अपना सिर पकड़ लेता है। सभी दरबारी हैरान होकर कभी बीरबल को, कभी मंत्री को देखते हैं। बादशाह अकबर बीरबल की चतुराई की प्रशंसा करते हैं और उन्हें सारी बात बताते हैं।

–संकलित

क्या सीखा

- चतुराई
- सूझ-बूझ

शब्दार्थ Word Meaning

बाहरी – बाहर का outsider

करामात – आश्चर्यजनक काम surprising deeds

झुँझलाहट – गुस्से में खीझना irritability

प्रशंसा – तारीफ़ praise

Scanned with CamScanner

अभ्यास Exercise

लब्धि वाचन, लेखन, स्मृति, चिंतन, विश्लेषणात्मक, बौद्धिक, रचनात्मक

बात पाठ की

मुख से

इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। Oral Skills

Answer these questions.

(क) अकबर ने क्या खोने की बात कही?

(ख) अकबर ने अँगूठी मंत्री जी को क्यों दी थी?

(ग) बीरबल ने अँगूठी कहाँ देखी थी?

कलम से

1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। Writing Skills

Write answers to these questions.

(क) बीरबल ने बादशाह से किस स्थान के बारे में पूछा?

....

....

(ख) बीरबल ने किस बात का नाटक किया?

....

....

(ग) मंत्री ने अपना सिर क्यों पकड़ लिया?

....

....

Scanned with CamScanner

2. **सही उत्तर पर '✓' का निशान लगाइए।** MCQs

Put '✓' mark against correct answer.

(क) बादशाह ने अँगूठी किसको दी थी?

i. बीरबल को ☐ ii. मंत्री को ☐

iii. दरबारी को ☐

(ख) मंत्री के अनुसार कौन झूठ बोल रहा था?

i. बादशाह ☐ ii. अलमारी ☐

iii. बीरबल ☐

(ग) मंत्री ने अपनी दाढ़ी के बारे में बताया कि उसकी–

i. दाढ़ी में तिनका नहीं है। ☐ ii. दाढ़ी नहीं है। ☐

iii. दाढ़ी में ही तिनका है। ☐

3. **श्रुतलेख** Dictation

जहाँपनाह करामात झुँझलाहट चतुराई प्रशंसा

पाठ से आगे

Analytical Skills

क्रोध करने से सारे काम गलत हो जाते हैं। बीरबल ने मंत्री को गुस्सा दिलाकर अँगूठी का पता लगा लिया। अब आप बताइए कि क्रोध करने से और क्या-क्या होता है?

बात भाषा की

Language Skills

1. **नीचे दिए गए शब्दों की जगह कौन-सा शब्द इस्तेमाल हो सकता है?** Synonym

Substitute with appropriate words.

(क) बुद्धिमान – ....

(ख) करामात – ....

(ग) होशियार – ....

(घ) प्रशंसा – ....

(ङ) अलमारी – ....

(च) कोशिश – ....

Scanned with CamScanner

2. शब्द-मज़ा — Mismatched

जो शब्द बाकी शब्दों से मेल न खाता हो उस पर ◯ लगाइए।

Circle the odd one out.

(क) कुर्सी बादशाह मंत्री चतुराई

(ख) अँगूठी माला चूड़ी बग़ीचा

(ग) दाढ़ी मूँछ बाल पैर

3. नीचे लिखे मुहावरों का इस्तेमाल आप कब-कब कर सकते हैं? आपस में चर्चा कीजिए और वाक्य बनाइए। — Idiom

Where do you use the given idioms? Discuss and make sentences.

(क) चोर की दाढ़ी में तिनका – ....

(ख) सिर पकड़कर बैठना – ....

4. उपयुक्त विराम-चिह्न लगाइए। — Punctuation

Put the above appropriate punctuation marks.

(क) जहाँपनाह कल तो मैंने आपके हाथ में देखी थी

(ख) अरे हाँ नहाने के समय उतारी थी

(ग) क्या बात है

(घ) हुजूर आप चिंता न करें

5. दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द वर्ग-पहेली में से ढूँढ़कर लिखिए। — Gender

Find and write the oppsite gender from the grid.

(क) राजा ....

(ख) भाई ....

(ग) पिता ....

(घ) बच्चा ....

प	स	मा	ता	ता
ब	ह	न	नौ	का
ल	न	ता	ला	था
दि	शा	ब	च	ची
रा	नी	का	ब	ल

Scanned with CamScanner

बात मन की

1. अकबर-बीरबल का कोई किस्सा अगर आपने सुना हो तो कक्षा में सुनाइए।
2. इस संवाद का कक्षा में अभिनय कीजिए।
3. एक दिन अकबर ने पूछा, ''बीरबल, दुनिया में सबसे अधिक शक्तिशाली कौन हैं? बीरबल ने क्या कहा होगा? कहानी को आगे बढ़ाइए।

हँसते-गाते

इन दोनों चित्रों में पाँच अंतर हैं, ढूँढ़िए।

1. अकबर की पगड़ी अलग है।
2. हाथ कुर्सी पर रखे हैं।
3. जूते अलग तरह के हैं।
4. सिंहासन में हाथ रखने वाले गद्दे अलग हैं।
5. ऊपर लगे पर्दे की बनावट अलग है।